आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शनिवार 25.01.2025
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- प्रदेश में निकाय चुनाव के लिए मतगणना कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच जारी।
- देहरादून नगर निगम में मेयर पद के भाजपा प्रत्याशी सौरभ थपलियाल 4 हजार से अधिक वोटो से आगे।
- 38वें राष्ट्रीय खेलों के मद्देनजर टिहरी में स्वास्थ्य कर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया।
- आज राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जा रहा है।
- एम्स ऋषिकेश ने एक लाख तैंतीस हजार सर्जरी कर रिकॉर्ड बनाया।

मतगणना

प्रदेश में निकाय चुनाव की मतगणना कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच जारी है। मतगणना के लिए राज्य में 54 केंद्र बनाए गए हैं, जहां छह हजार 366 कर्मचारी मतगणना प्रक्रिया को पूरा करेंगे। मतगणना केंद्रों की सीसीटीवी से निगरानी की जा रही है। इस दौरान सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए हैं। समाचार दिए जाने तक देहरादून नगर निगम में मेयर पद के भाजपा प्रत्याशी सौरभ थपलियाल 4 हजार से अधिक वोटो से आगे चल रहे थे। मतगणना के बाद निकाय चुनाव में प्रदेश के एक हजार तीन सौ बयासी पदों के लिए कुल पांच हजार चार सौ पांच प्रत्याशियों की किस्मत का फैसला होगा।

राष्ट्रीय खेल टिहरी

प्रदेश में 38वें राष्ट्रीय खेलों को लेकर स्वास्थ्य विभाग भी पूरी तरह से मुस्तैद है। किसी भी खिलाड़ी को प्रशिक्षण और खेल प्रतिस्पर्धा के बीच चोट लगने या अन्य कोई दिक्कतें होने पर उचित उपचार मिल सके, इसके लिए नई टिहरी में मास्टर ट्रेनर, डॉक्टर चंदन मिश्रा और डॉक्टर जे. एस. भंडारी ने स्वास्थ्य विभाग से जुड़े 50 कर्मियों को प्रशिक्षण दिया है। इसमें डॉक्टरों, पैरामेडिकल स्टाफ और कर्मचारियों को शामिल किया गया है। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन, टिहरी के मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डॉक्टर श्याम विजय ने किया। उन्होंने बताया कि, टिहरी जिले में दो स्थानों पर राष्ट्रीय खेलों का आयोजन हो रहा है। इसी को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य विभाग पूरी मुस्तैदी के साथ जुटा हुआ है।

रेखा आर्य

खेल मंत्री रेखा आर्य ने देहरादून के परेड ग्राउंड बहुउद्देशीय क्रीड़ा हॉल में राष्ट्रीय खेलों के लिए बैडमिंटन के विशेष प्रशिक्षण शिविर में पहुंचकर खिलाड़ियों से उनके शिविर के अनुभवों को जाना। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने राज्य के खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर के कोच और प्रशिक्षण देकर प्रशिक्षित करा है। उन्होंने उम्मीद जताई कि राष्ट्रीय खेलों में प्रदेश के खिलाड़ी स्वर्ण पदक जीतकर उत्तराखंड का नाम गौरवान्वित करेंगे।

योगासन तैयारी अल्मोड़ा

38वें राष्ट्रीय खेलों के दौरान अल्मोड़ा में 31 जनवरी से पांच फरवरी तक योगासन प्रतियोगिता का आयोजन होना है। इसके तहत हेमवती नंदन बहुगुणा स्टेडियम और नगर की दीवारों पर उत्तराखंड की संस्कृति, खान–पान, वेश भूषा, पौराणिक धरोहरों आदि से संबंधित संदेश देने के लिए पेंटिंग बनाई जा रही है। मुख्य विकास अधिकारी, दिवेश शासनी ने कहा कि, प्रतियोगिता में देश के 300 से 400 प्रतिभागी प्रतिभाग करेंगें।

ज़िला क्रीडा अधिकारी, महेशी आर्या ने बताया कि, 38वें राष्ट्रीय खेलों की योगासन प्रतियोगिता के लिए खेल स्टेडियम के गेट पर इंटर लॉकिंग की जा रही है और स्टेडियम में 'हाई मास्ट लाईट' लगाई जा रही है।

राष्ट्रीय मतदाता दिवस

आज राष्ट्रीय मतदाता दिवस है। यह दिन देश में मतदान के महत्व को रेखांकित करता है और नागरिकों को अपने लोकतांत्रिक अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक करने का संदेश देता है। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दीं हैं। उन्होंने कहा कि मतदान केवल अधिकार नहीं, बल्कि हर नागरिक का नैतिक कर्तव्य है। राज्यपाल ने अपने संदेश में कहा कि देश के लोकतंत्र की मजबूती में नागरिकों की भागीदारी बेहद अहम है। उन्होंने सभी से अपील की है कि मतदान के महत्व को समझें और अपनी भूमिका निभाएं।

एम्स ऋषिकेश

एम्स ऋषिकेश, अब तक 1 लाख 33 हजार से अधिक लोगों की सर्जरी कर उन्हें स्वास्थ्य लाभ दे चुका है। विश्व स्तरीय उच्च तकनीक आधारित स्वास्थ्य सुविधाओं को विकसित करते हुए संस्थान ने यह उपलब्धि हासिल की है। इनमें 3 दिन के नवजात से लेकर 90 साल तक के वृद्ध की सर्जरी भी शामिल है। एम्स में पहला ऑपरेशन 2 जून 2014 को किया गया था।